भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या – 665

(जिसका उत्तर मंगलवार, 22 नवंबर, 2016 को दिया गया)

निवेशकों को न्याय दिलाने के लिए एसएफआईओ द्वारा जांच

665. डा. वी. मैत्रेयन:

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय को किन्हीं कंपनियों के मामलों की जांच करने का आदेश दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) जांच प्रक्रिया को तीव्र करने और इन कंपनियों के माध्यम से अपनी बचत गंवाने वाले लोगों को न्याय दिलाने में होने वाले किसी विलंब से बचने के लिए सरकार ने कौन-कौन से कारगर उपाय किए हैं; और

(घ) गत तीन वर्षों के दौरान वसूल की गई और प्रभावित ग्राहकों को वापस की गई राशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल)

(क) और (ख): पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय (एसएफआईओ) को जांच के लिए भेजे गए मामलों का वर्ष-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I पर दिया गया है।

(ग): सरकार ने कंपनियों द्वारा की जाने वाली धोखाधड़ी/अनियमितताओं को रोकने हेतु एसएफआईओ को सुदृढ़ करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसमें शामिल हैं:-

(i) "धोखाधड़ी" शब्द को कंपनी अधिनियम, 2013 में परिभाषित किया गया है;
(ii) गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय (एसएफआईओ) को सांविधिक दर्जा दिया गया है;
(iii) डाटा संचयन और फोरेंसिक लेखापरीक्षा आदि द्वारा धोखाधड़ियों की पूर्व पहचान के लिए तकनीकी का प्रयोग बढ़ाया गया है।

(घ): कंपनी अधिनियम के तहत जांच करना, कंपनी अधिनियम, 1956 के उल्लंघनों का पता लगाना और कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत किए गए प्रावधानों के अनुसार उचित दंड के लिए दांण्डिक कार्रवाई करने का अधिदेश है।

*****

अनुलग्नक-I

दिनांक 22 नवंबर, 2016 को राज्य सभा में उत्तर देने के लिए अतारांकित प्रश्न संख्या 665 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

<u>पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान एसएफआईओ को सौंपे गए मामलों का ब्यौरा</u>

वर्ष	एसएफआईओ को सौंपी गई जांचों की संख्या	पूरी की गई जांचों की संख्या	प्रक्रियाधीन जांचों की संख्या	न्यायालयों द्वारा रद्द की गई/रोकी गई जांचों की संख्या
2013-14	83	78	04	01
2014-15	71	49	19	03
2015-16	184	11	172	01
2016-17 (अभी तक)	52	01	50	01
कुल	**390**	**139**	**246**	**06**

*****